कार्यालय अधीक्षक, राजकीय उद्यान, लखनऊ

–:: संशोधित अल्प कालीन निविदा सूचना ::–

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ परिसर स्थित उद्यानों में प्रयोगार्थ वित्तीय वर्ष 2012–2013 के लिए निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति एवं कार्यो के लिए मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म, जिसकी कीमत रू0 100.00 (रू0 एक सौ) मात्र होगी, किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अधीक्षक, राजकीय उद्यान, लखनऊ से दिनांक 25.10.2012 से दिनांक 29.10.2012 तक कार्यालय कार्य अवधि में नकद मूल्य पर क्रय किए जा सकते है। निविदायें पंजीकृत ड़ाक अथवा सीधे दिनांक 30.10.2012 (दिन मंगलवार) को प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 13:00 बजे तक प्राप्त की जायेंगी तथा उसी दिन अपराह्न 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। ड़ाक की गडबड़ी अथवा अन्य किसी कारण से यदि कोई निविदा निर्धारित तिथि व समय तक प्राप्त नहीं होती है तो उस पर बाद में कोई विचार नहीं किया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी को समस्त निविदायें खोलने व स्वीकार/अस्वीकार/रद्द करने अथवा निविदा की तिथि एवं समय में परिवर्तन करने का पूर्ण अधिकार होगा। निविदा फार्म पर जमा की गई नकद धरोहर धनराशि की रसीद नम्बर का अंकन करना अनिवार्य होगा। जिसकी धरोहर धनराशि जमा नहीं होगी, उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। जिसकी निविदा स्वीकृत होगी, उसे एक सप्ताह के अन्दर जमानती धनराशि की एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0, जो अधीक्षक, राजकीय उद्यान, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा तथा इसी अवधि में रू0 100.00 मूल्य के स्टाम्प पेपर पर अधोहस्ताक्षरकर्ता से अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा। स्टाम्प पेपर का मूल्य निविदादाता द्वारा वहन किया जायेगा। बिना जमानती धनराशि जमा किये एवं बिना अनुबन्ध प्रपत्र पर हस्ताक्षर किए, किसी भी आपूर्तिकर्ता/निविदादाता की स्वीकृत दर को मान्यता नहीं दी जायेगी। इस हेतु कार्यालय में पूर्व में जमा कोई भी धनराशि मान्य नहीं होगी। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय के लेखाकार से किसी भी कार्य दिवस में अपराह्न 15:00 बजे से सायं 17:00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

क्र0 सं0	कार्य / वस्तु का नाम	अनुमानित कार्य/वस्तु की मांग	धरोहर धनराशि (रू0 में)	जमानती धनराशि (रू0 में)
1	2	3	4	5
1	खेतिहर उपजाऊ मिट्टी की आपूर्ति करना।	1500 घन मीटर	6,000.00	60,000.00
2	**<u>नई लान का रोपण कार्य</u>** (निर्दिष्ट स्थानों पर एक फुट गहरी गुड़ाई, कंकड–पत्थर की बिनाई व खरपतवार की बिनाई करने के उपरान्त निकले हुए अपशिष्ट को दूरस्थ स्थान पर फेंकनें का कार्य, उपलब्ध कराई गई मिट्टी से भराई कर समतलीकरण का कार्य, उपलब्ध कराई गई उर्वरक,	10000 वर्ग मीटर	18,000.00	1,80,000.00

	नीम की खली, फोरेट 10–जी, जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट, बोनमील आदि का मिश्रण तैयार कर बेसल ड्रेसिंग के रूप में भूमि में मिला कर लान रोपण हेतु भूमि तैयार करने का कार्य करने के उपरान्त सलेक्शन नम्बर–1 घास की आपूर्ति कर डिबलिंग विधि से रोपण कर सिंचाई का कार्य एवं रोलिंग का कार्य करना तदोपरान्त एक माह का अनुरक्षण कार्य, जिसमें लान की निकाई व मूविंग कार्य सम्मिलित है।)			
3	समय–समय पर उद्यान की सामान्य सफाई एवं निकले अपशिष्ट को दूरस्थ स्थान पर फेंकने का कार्य।	15000 वर्ग मीटर	450.00	4,500.00
4.1	**<u>मिट्टी का गमलों की आपूर्ति करना</u>** (साइज 12") (मिट्टी के गमले पूर्ण पके हुए तथा टेरीकोटा से 2 कोट रंगे हुए होना चाहिए एवं गमलो पर "उद्यान" शब्द का मार्का, जो पेंट से अंकित हो।)	2000 अदद	600.00	6,000.00
4.2	**<u>मिट्टी का गमलों की आपूर्ति करना</u>** (साइज 10") (मिट्टी के गमले पूर्ण पके हुए तथा टेरीकोटा से 2 कोट रंगे हुए होना चाहिए एवं गमलो पर "उद्यान" शब्द का मार्का, जो पेंट से अंकित हो।)	2000 अदद	500.00	5,000.00
5.1	**<u>सीमेण्ट के गमलों की आपूर्ति करना</u>** (साइज 14") (गमले लोहे के जाल के आधार पर निर्मित होने चाहिए, गमलों की तली में एक सुराख होना चाहिए तथा नीचे की सतह समतल होनी चाहिए एवं सम्पूर्ण गमले की 2 कोट वाटरप्रूफ पेंट से रंगा हो तथा "उद्यान" शब्द का मार्का अंकित हो।)	300	550.00	5,400.00
5.2	**<u>सीमेण्ट के गमलों की आपूर्ति करना।</u>** (साइज 16") (गमले लोहे के जाल के आधार पर निर्मित होने चाहिए, गमलों की तली में	200	400.00	4,000.00

	एक सुराख होना चाहिए तथा नीचे की सतह समतल होनी चाहिए एवं सम्पूर्ण गमले की 2 कोट वाटरप्रूफ पेंट से रंगा हो तथा "उद्यान" शब्द का मार्का अंकित हो।)			
5.3	**<u>सीमेण्ट के गमलों की आपूर्ति करना</u>** (साइज 18") (गमले लोहे के जाल के आधार पर निर्मित होने चाहिए, गमलों की तली में एक सुराख होना चाहिए तथा नीचे की सतह समतल होनी चाहिए एवं सम्पूर्ण गमले की 2 कोट वाटरप्रूफ पेंट से रंगा हो तथा "उद्यान" शब्द का मार्का अंकित हो।)	200	500.00	5,000.00

विशेषः— (1) क्रमांक 1, 4 एवं 5 पर अंकित सामग्री का सैम्पुल लाना अनिवार्य है।
(2) नियम व शर्ते निविदा फार्म के पीछे अंकित होंगी।

(जे0के0 गुप्ता)

अधीक्षक

राजकीय उद्यान,
लखनऊ।